ऑस्टिन का सम्प्रभुता सिद्धान्त

प्रदीप कुमार

जॉन ऑस्टिन इंग्लैण्ड का विधानशास्त्री था। इन्होंने अपनी पुस्तक 'विधानशास्त्र पर व्याख्यान (Lectures on Jurisprudence) में सम्प्रभुता के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया। ऑस्टिन हॉब्स और बेंथम के विचारों से प्रभावित था तथा बेंथम के समान ही ऑस्टिन का उद्देश्य भी कानून और परम्परा के बीच भेद करना और परम्परा पर कानून की श्रेष्ठता स्थापित करना था। आस्टिन का कानून संबंधी विचार, 'उच्चतर द्वारा निम्नतर को दिया गया आदेश ही कानून होता है'। इसी विचार के आधार पर ऑस्टिन ने सम्प्रभुता की धारणा का प्रतिपादन किया जो निम्न है, "यदि कोई निश्चित उच्च सत्ताधारी व्यक्ति जो स्वयं किसी उच्च सत्ताधारी की आज्ञापालन का अभ्यस्त नहीं है, किसी समाज के अधिकांश भाग से अपने आदेशों का पालन कराता है, तो उस समाज में वह उच्च सत्ताधारी व्यक्ति प्रभुत्व शक्तिसम्पन्न होता है तथा वह समाज उस उच्च सत्ताधारी सहित एक राजनीतिक और स्वतंत्र समाज होता है।

ऑस्टिन के सम्प्रभुता की विशेषता निम्न है:-

1. प्रत्येक स्वतंत्र राजनीतिक समाज अर्थात् राज्य में आवश्यक रूप से कोई व्यक्ति या व्यक्ति समूह सम्प्रभु होता है। प्रत्येक राजनीतिक समाज में प्रभुत्व शक्ति उसी प्रकार अनिवार्य है जिस प्रकार पदार्थ के किसी पिण्ड में आकर्षण केन्द्र का होना अनिवार्य होता है।

2. सम्प्रभु किसी मानव समूह के रूप में हो सकता है, किन्तु यह आवश्यक रूप से निश्चित होना चाहिए। सम्प्रभुता 'सामान्य इच्छा', 'प्राकृतिक कानून', 'दैवी इच्छा', जनमत या मतदान जैसे भावनात्मक प्रतीकों में निहित नहीं हो सकती है। यह तो एक ऐसा निश्चित मनुष्य या एक ऐसी निश्चित सत्ता होनी चाहिए जिस पर स्वयं कोई कानूनी प्रभुत्व न हो।

Scanned with CamScanner

(3.) इन निश्चयात्मक मानव श्रेष्ठ की शक्ति असीमित और अपरिमित (absolute and unlimited) होती है। कोई उच्चतर अधिकारी उससे अपनी आज्ञाओं का पालन नहीं करा सकता।

(4) निश्चयात्मक मानव श्रेष्ठ के प्रति आज्ञाकारिता आदत का विषय होती है, यदा-कदा की बात नहीं।

(5) आल्थिन का विचार है कि निश्चित प्रभु के प्रति आज्ञाकारिता स्थिर, निरन्तर और अप्रतिहत होनी चाहिए।

(5.) प्रभुत्व शक्ति का आदेश कानून है और इस आदेश की अवहेलना करने वाला दण्ड का भागी होता है।

(6) सर्वोच्च प्रभुता की शक्ति अखंडित होती है। यह एक ही इकाई है और व्यक्तियों अथवा संघों में इसका विभाजन नहीं हो सकता।

Scanned with CamScanner